राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 40.00 संख्या 2395
वीनॉम
नागराज
By:- अनुपम
JAGDISH
GOVIND

यार, वीनॉम से तो ये गाड़ी मक्खन की तरह चलती है। न वायब्रेशन, न धुंआ।
देखा! ये डीजल वाला ट्रक! वीनॉम के सामने अकबर के टाइम का लगता है। इसके आगे बैल जोत ले, भाई!
वर्ना....ये...ये क्या? आSSSS!
ट्रक स्टार्ट हो गया है तो स्टार्ट ही रख! इनको तुरंत अस्पताल पहुंचाना होगा।
वीनॉम के खतरे अब दुनियाभर के सामने आ रहे थे-

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!

वीनॉम

अब तक की कहानी जानने के लिए पढ़ें-
नागराज के बाद, फ्यूल

कथा एवं चित्रांकन	इंकिंग	डिजिटल कैलीग्राफी	इफेक्ट्स	सह सम्पादक	सम्पादक
अनुपम सिन्हा	लक्ष्मिन	हरीश शर्मा	प्रवीन सिंह	मंदार गंगेले	मनीष गुप्ता

ये जीत वीनॉम की पेट्रोलियम के ऊपर नहीं थी। बल्कि इंसान के विवेक के ऊपर इंसान के लालच की थी।
ये...ये नागराज तुम्हारे पास कैसे आया? ये तो तुम्हारे इंजन के नीचे दबकर मर गया था।
ऐन वक्त पर नागराज की इच्छाधारी शक्ति ने उसे इच्छाधारी कणों में बिखेर दिया था। मुझे इसकी आशंका थी।
इसीलिए मैं तैयार था। और ऐसा होते ही मैंने उसके शरीर के कणों को अपने पास खींच लिया।
पर इसका कोई फायदा नहीं हुआ। नागराज तो मिल गया परंतु इसके शरीर के जहर को ड्रैगनार ने नष्ट कर दिया है। अब मैं इसको इसी उम्मीद मे जिंदा रखे हुए हूं कि शायद इसके शरीर में विष बनने की प्रक्रिया फिर से शुरु हो सके! फिलहाल तो इसके शरीर में न जहर है न एक भी सांप। अब आओ, हम को अभी उस दूसरे इच्छाधारी नाग से काफी जानकारी निकलवानी है।
फिर तो मामला और उलझ गया है। अगर वह अजनबी नागराज नहीं है...
तो फिर वह कौन है?
उसकी चिंता मत करो।
जब नागराज मेरे सामने नहीं टिक पाया तो वह अजनबी भला क्या खाक टिकेगा?

किंग! अभी न्यूज आई है कि एक वीनॉम कार नेशनल हाइवे103 पर फट गई है। तीन लोग मारे गए हैं। दो सवार और एक बचाने वाला।
शुरुआत में तो ऐसा होता ही है। इंजन में कुछ कमियां होती हैं। धीरे-धीरे हमारे टेक्नीशियन उन्हें दूर कर रहे हैं।
इंजन परफेक्ट होना चाहिए, किंग!
हम जानते हैं कि वीनॉम किस चीज से बना है मैं शर्त लगाकर कह सकता हूं, कि तीनों जहरीले धुंए के कारण मरे हैं।
मैं लालची जरूर हूं! पर मैं व्यापारी हूं! ऐसे घटिया इंजन बनाने से वीनॉम की साख गिरेगी और हमारा प्रॉफिट भी।
या तो तुम अपने इंजन में तुरंत सुधार करो या हमारी पार्टनरशिप खत्म।
वो तो...मैं कर दूंगा! फिलहाल तो तुम ये सोचने में ध्यान लगाओ...

"...कि वह अजनबी आखिर है कौन?"
यानी...तुमको संकेत मिला कि तुमको मुझे बचाना है। और तुम मुझे बचाने आ पहुंचे।
न तो तुमको ये पता है कि वह संकेत तुमको कहां से मिला और न ही तुमको ये पता है कि तुमने उन सैनिकों को इतनी आसानी से कैसे पीट लिया।
बिल्कुल ठीक! अब अगर हम एक दूसरे के बारे में और ज्यादा नहीं जान सकते तो कम से कम अपने दुश्मन के बारे में तो जान सकते हैं न! कौन थे वे?
किंग क्लैन के मेंबर! और मुझे पूरा यकीन है कि नागराज की मौत के पीछे इनका ही हाथ है। अब क्या मैं जान सकती हूं कि हम कहां जा रहे हैं?
मुझे सिर्फ दिशा पता है। स्थान का नाम मैं नहीं बता सकता। पर वह स्थान जो भी है...
"वहां पर हमारी दुश्मनों से अगली मुलाकात होने वाली है।"
PRESS CONFERENCE
ARIMCO PETROLEUM CO.
NTV
मेरी शिपिंग कंपनी के कई तेल टैंकर लुट रहे हैं। पर कोई एक्शन नहीं। कई देश की सरकारें अब एकाएक पेट्रोलियम के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं। वे वीनॉम को बगैर सोचे समझे बढ़ावा दे रही हैं।
MR.C.MAMMOTH CEO : ARIMCO PETROLEUM
PRESIDENT: WORLD PETROLEUM EG
पर वे जानती नहीं हैं कि वीनॉम एक खतरनाक और घातक ईंधन है। हमारे पास अभी-अभी खबर आई है कि आपके इसी शहर, महानगर के पास हाइवे पर एक वीनॉम कार फट गई है और तीन लोग मारे गए हैं।
मेरे पास इस बात की पक्की जानकारी है कि वीनॉम को बनाना अब मुश्किल होता जा रहा है उसकी सप्लाई गिर रही है। पर मैं पेट्रोलियम की सप्लाई को बढ़ाऊंगा। आज से मेरे हर टैंकर के साथ प्राइवेट गॉर्ड्स से भरी एक बोट चला करेगी।
मैं दुनिया के सामने सच्चाई को लाऊंगा। पेट्रोलियम को फिर से उसका सही स्थान दिलाऊंगा।
इसके मरने का भी समय आ गया है। अब इसकी मौत ही...

"...मेरी जीत को सुनिश्चित कर सकती है।"
यहां पर तो मुझे ऐसी कोई शक्ति नजर नहीं आ रही है जो हमारी दुश्मन हो।
पर मुझे आभास हो रहा है।
खैर, समुद्र तट तक मुझे लाने के लिए शुक्रिया। अब मुझे कहीं और जाना है।
मुझे नागद्वीप जाकर सबको सावधान करना होगा। और नागार्जुन को बचाने के लिए मदद के साथ वापस आना होगा। वैसे नागार्जुन को बचाने में यह अजनबी मेरी मदद कर सकता है। पर अभी तक मैं यह तय नहीं कर पाई हूं कि मैं इस पर विश्वास करूं या नहीं।
HOTEL
हे! कवर दैट! ये...ये कौन है।
पहले उड़ता ड्रैगन। और अब उड़ता आदमी? इज ही अ देसी सुपरमैन!
आप कौन हैं? और कहां से आए हैं?
ये...ये उड़ने की शक्ति आपके अंदर मौजूद है या फिर आप किसी गैजेट का यूज करते हैं?
आपका यहां पर आने का क्या मकसद है? क्या आप वहीं से आए हैं जहां से वह उड़ता ड्रैगन आया था?
आप लोग ये जगह जितनी जल्दी हो सके, खाली कर दें क्योंकि इस जगह पर...
...भारी मुसीबत आने वाली है।

ओह! तो ये वह खतरा था जिसका तुमको आभास हो रहा था।
शायद!
प...पर ये यहां पर क्यों आया है? मेरे लिए तो नहीं। क्योंकि मैं तो अभी-अभी यहां पर आई हूं।
शायद इसको मुझे मारने के लिए भेजा गया है। मेरे दुश्मन मुझे मारने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते।
शायद इसी का आभास पाकर ये अजनबी मुझे बचाने आया है!

सही समझे! मैं चाहता तो तुझे खोपड़ी में एक गोली धंसाकर भी मार सकता था। पर अब एक तीर से तीन शिकार होंगे।
मुझे पूरा यकीन था कि टरटाल के आने पर ये अजनबी भी जरूर आएगा और इसके साथ ये नागिन भी आएगी।
पता चल गया कि ये सांप कहां से आया है!
सच! अब तो मैं इस दुनिया का तो क्या ब्रह्मांड का किंग बन जाऊंगा।
अगर ऐसी कोई जगह है...
तो उस जगह का नाम नागद्वीप है।
और वहां खरगोश के बच्चे नहीं रहते जिनको तुम जाकर दबोच लाओगे।
वहां पर महाभीषण इच्छाधारी सर्प रहते हैं। सैंकड़ों सर्प।
तुम चाहे जो भी हो, पर अगर तुम वहां तक पहुंच भी गए तो जीवित वापस नहीं आओगे!
आओ, जाने से पहले मैं तुमको कुछ दिखाना चाहता हूं। अगर नागद्वीप में सैंकड़ों खतरनाक इच्छाधारी नाग हैं...
तो मेरे पास ये हैं।

ये सैंकड़ों नहीं, हजारों नहीं, लाखों में हैं। इनमें से कईयों को तो दुनिया विलुप्त समझती आई है। इनमें से कईयों में इच्छाधारी शक्ति भी है।
ये इच्छाधारी विषधारियों को मेरा जवाब है।
क...क...कमाल है। पर ये उनके विष के आगे टिक नहीं पाएंगे।
इनमें से किसी भी जीव पर विष का असर नहीं होता, नागमणि। अब जाने की घड़ी आ गई है।
त...तुम निश्चिंत होकर जाओ, पार्टनर! मैं यहां संभाल लूंगा।
मैं अपने जाने की नहीं...
...तुम्हारे जाने की बात कर रहा हूं। मेरे लिए अब तुम्हारी उपयोगिता खत्म हो चुकी हैं और किंग को कबाड़ जमा करने की आदत नहीं है।
बहुत दिनों से मैं यह जानना चाहता था कि तीव्र विष का एक आम इंसान पर क्या असर होगा।

मुझे...मुझे...
ऐसी किसी गद्दारी का आभास था कमीने! इसीलिए..इसीलिए...मैंने... वीनॉम का एंटीडोट बनाकर पहले से ही पी रखा है। तेरी... चाल मुझ पर नहीं चलेगी!
Very Inteligent!
पर ये तुम्हारा बनाया वीनॉम नहीं है नागमणि!
ये उस इच्छाधारी नाग के शरीर से निकाला हुआ जहर है।
तलवार से जीने वाले, तलवार से ही मरते हैं।
और ऐसा ही कुछ जहर वालों के साथ भी होता है।
च्च्च! इंसानों पर बड़ा भयानक असर होता है तीव्र विष का।
"आज हमारे रास्ते से सारी अड़चनें एक साथ दूर हो जाएंगी।"
ओफ्फ! तिलिस्मी संपर्क होने से मुझे तो दुश्मन का सिर्फ आभास हुआ। परंतु दुश्मन को तो मेरा पता ही मिल गया।
कौन है वह दुश्मन?
पता चलने से पहले ही संपर्क टूट गया।
संपर्क टूटा नहीं है दादाजी, जुड़ गया है! ये नमूना है वह संपर्क।
चलो साथियों!
आज से हमारा विजय अभियान शुरु होता है।

और एक बार
मैं इसको पालतू बना लूं।
फिर यही हमें...
...दुश्मन तक
पहुंचाएगा।
आह! इसने तो...
तिलिस्मी बंधनों को तोड़
डाला। कैसे?
तुम भूल गई
भारती कि हम भूमि की सतह
से नीचे हैं और जब आकाश तत्व
हमारी दृष्टि के सामने नहीं होता तब
तिलिस्मी शक्तियां कमजोर हो जाती हैं।
फिर भी अगर
हम पूरी बची-खुची शक्ति के
साथ वार करें तो शायद इसे
कैद कर सकें।
आह! हमारी
शक्तियां बेअसर साबित
हो रही हैं।
अगर जल्दी ही
कोई उपाय न सूझा तो
हमारा बचना मुश्किल है।
दादाजी। कुछ सोचिए!
किंग ने एक बड़े खतरे का
लगभग अंत कर दिया था।

और वो अन्य बड़े खतरे अपने अंत की राह पर थे।
म...मैं इसको पहचान गया। ऑयल एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में आने से पहले मैंने पुरातत्व के क्षेत्र में बहुत काम किया है।
उसी दौरान मैंने एक गुफा में आदिमानवों के भित्ति चित्रों में इस जीव का चित्र देखा था। ये तो लाखों साल पुराना विलुप्त जीव है।
और इस पर मेरे वारों का भी कोई असर नहीं हो रहा।
तुम कौन हो, ये तो मुझे पता नहीं है, पर मुझे ये पता है कि ये इन हथियारों से मरने वाला नहीं है।
उस भित्तिचित्र में भी इसकी गर्दनों में दर्जनों भाले धंसे थे, लेकिन फिर भी यह आदिमानवों पर भारी पड़ रहा था। दरअसल कई सरीसृपों में 'रीजेनेरेशन' यानि पुनर्उत्सर्जन की अद्भुत क्षमता होती है। उनके घाव तुरंत भर जाते हैं।
ओह! यह...यह हमको जमीन के नीचे ले जाना चाहता है।
मेरे रहते नहीं...
अरे भईए! वो...वो ओबी वैन है। पेट्रोल वाली है पर अभी भी चलती है।
रास्ता बंद। अब ये वापस तभी जाएगा...

...जब मैं चाहूंगा। अब सबसे पहला काम है...
"उन दोनों को आजाद कराना।"
ओफ्फ! ये प्राणी तो समझदार भी है। अब इनको आजाद कराना आसान नहीं होगा।
13

इसकी पीठ ही इसकी ढाल है। मैं इसके टुकड़े कर दूंगा।
अरे! इसने तो अपनी पीठ के एक हिस्से को द्रवीय बना लिया है।
और...अब...फिर से ठोस हो गया है। मेरा हाथ फंस गया है।

लेकिन अपराध के खिलाफ लंबा अनुभव भी ज्यादा मदद-गार साबित नहीं हो रहा था।
ये शायद अजनबी के छोटे से क्राइम फाइटिंग कैरियर का अंत था-
मैं समझ गई। ये इस गुफा को ही खत्म कर देना चाहता है। ताकि हम हमेशा के लिए यहीं पर दफन हो जाएं। कुछ सोचिए, दादाजी।
आहSSS!
यस। मैं ला सकती हूं आकाश को यहां पर।
ओह! अब...अब मैं क्या करूं? कैसे बढ़ाऊं अपनी तिलिस्मी शक्ति? कहां से लाऊं आकाश को इस गुफा के अंदर?
तो मैं तेरी मदद करता हूं। हमेशा के लिए मूंद ले आंखें।
बस बहुत हो गया। अब मैं तुझे...
अगर तुझे आंखें मूंदने की इतनी ही जल्दी है...

ये तू भी जानती है और मैं भी कि यहां पर तेरा तिलिस्म बच्चे जैसा कमजोर है। क्योंकि आकाश तत्व यहां पर आ ही नहीं सकता। तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।
पर तू ये नहीं जानता...
...कि आकाश यहां पर आ चुका है और मेरा तिलिस्म पूरी शक्ति प्राप्त कर चुका है।
असंभव? ये नहीं हो सकता। ये तूने कैसे किया?
दर्पण तिलिस्म से। दर्पणों की इस कतार से आकाश की प्रतिछाया भी अंदर तक आ गई है और उसकी शक्तिशाली किरणें भी।
अब दर्पण तिलिस्म तुझे ही तेरा काल बनाएगा।
दादाजी उठिए! यह हमारा बंदी बन चुका है अब आप ही यह पता कर सकते हैं कि ये कहां से आया है
किंग का तिलिस्म को घातक शक्ति मानने का आधार, बेबुनियाद नहीं था।

परंतु अजनबी को हल्का समझना उसे भारी पड़ सकता था।
आऽऽऽह! मेरे पास बहुत थोड़ा वक्त है। इसके शरीर का कोई हिस्सा कमजोर तो जरूर होगा। वर्ना ये कभी मरता ही नहीं।
हर प्राणी का सबसे नाजुक हिस्सा होता है उसके पेट का हिस्सा
पर...ये तो मुझे अपने पेट तक पहुंचने ही नहीं दे रहा है।
ओ! एक रास्ता है।

कमाल है! इसके मस्तक की अग्नि तो विष के दाह से उत्पन्न अग्नि थी।
यानी इसके शरीर में विष है। यह आखिर है कौन? खैर, कोई भी हो। अगर ये विषधारक है तो ये हमारा दुश्मन नहीं हो सकता। इससे मदद ली जा सकती है।
मेरी जान बचाने के लिए धन्यवाद। जाहिर है कि तुम मामूली इंसान नहीं हो।

और यह भी स्पष्ट है कि हमारा दुश्मन एक ही है।
और वो हैं वीनॉम के मालिक। मेरे पास पैसा, पॉवर और कांटेक्ट्स हैं अगर मुझे तुम्हारा साथ मिले तो हम उनको आसानी से रोक सकते हैं।
यह तो ठीक है। पर मुझे अभी भी खतरे का आभास हो रहा है?
ये...ये नहीं हो सकता। ये तो विषेचर है। नागद्वीप का प्रमुख द्वार रक्षक।
इसका ये हाल तो देव तक नहीं कर सकते!

My god! its true! इच्छाधारी सांप सच में होते हैं। wow!
पर तुम इसको कैसे जानती हो? कहीं तुम भी...
विषेचर! क्या हुआ तुमको? होश में आओ, विषेचर! उत्तर दो मुझे।
आSSSह! वे...जल्लाद हैं।
उन्होंने अचानक हमला कर दिया! हमको...इसका... आभास भी नहीं था। महात्मा कालदूत भी हमारी रक्षा के लिए वहां नहीं थे।
वे हर तरफ से आए। जल से, नभ से और थल से।
भयंकर युद्ध किया हमने। पर इन सैंकड़ों वर्षों की शांति के दौरान उन्होंने अपनी शक्तियां बहुत बढ़ा ली हैं। हम उनके सामने टिक नहीं पाए।
उन्होंने हमको जानवरों की तरह पीटा और फिर... पूरे नागद्वीप वासियों को बंदी बनाकर ले गए।

कहां ले गए? जवाब दो, विषेचर! कहां ले गए वे सभी को?
मुझे...नहीं... पता...आह! आज्ञा दीजिए... कुमारी! अह!
विषेचर! तुम..ऐसे नहीं जा सकते। म...मैं तुमको रुकने की आज्ञा देती हूं। रुक जाओ, विषेचर!
ये नहीं हो सकता। ये...नहीं हो सकता!
बात, हाथ से निकल चुकी है। अब तो ये लड़ाई आर-पार की हो गई है।
और मेरी सेना पहले ही हार चुकी है।
कौन हैं ये लोग जिनसे तुम्हारी सेना इतनी आसानी से मात खा गई।
इतना तो तुम समझ ही गए होगे कि मैं एक इच्छाधारी सर्प हूं। लेकिन साथ में मैं उनकी रानी भी हूं। उनकी शासक विसर्पी।
हमारे नागद्वीप में भिन्न-भिन्न प्रकार के हजारों महाविषधारी इच्छाधारी सर्प और अन्य विषैले प्राणी रहते हैं। महाविष हमको अद्भुत शक्तियां प्रदान करता है और पूरा ब्रह्मांड हमारे विष की तीव्रता से थर-थर कांपता है।
सिवाय उनके... जिन्होंने आज हजारों वर्षों के बाद फिर से हमारा सामना करने की हिम्मत की है।

कौन हैं वे?
इस सृष्टि के हमारे जैसे वे कुछ खास सर्प और दूसरे सरीसृप, जो विषहीन हैं और जिनका विकास हमारी तरह ही हुआ है। एक खास समयावधि के बाद उनमें भी इच्छाधारी शक्तियां जाग्रत हो जाती हैं।
इन सरीसृपों में सबसे खतरनाक प्रजाति थी, किंग स्नेक की। क्योंकि उन पर किसी भी प्रकार के विष का असर नहीं होता था।
गड़बड़ तब शुरु हुई जब उन्होंने अन्य सरीसृपों से संयोग कर उन्हे भी यही शक्ति देनी शुरु कर दी और अपना एक अलग समूह बनाने लगे। उन की संख्या बढ़ने लगी।
हमने विषहीनों को एक ऐसे आयाम में भेज दिया जहां से वे वापस नहीं आ सकते थे। कम से कम अब तक हम यही समझ रहे थे।
धीरे-धीरे वे अन्य प्रजातियों के लिए खतरा बनने लगे, मानवों के लिए भी। वे इस संसार पर पूरी तरह से अपना कब्जा चाहते थे। यही हमारे और उनके बीच में टकराव का कारण बना।
यह युद्ध पूरी धरती के कई हिस्सों में कई वर्षों तक लड़ा जाता रहा। हम बड़ी मुश्किल से अपनी उच्च इच्छाधारी शक्ति के कारण जीत सके।
यानी...यानी वीनॉम के मालिक इच्छाधारी रेप्टाइल्स हैं। what... what rubish.
यह भी तो हो सकता है कि वीनॉम के मालिक मानव ही हों और वे किंग स्नेक के इशारों पर चल रहे हों।
पर...इन सबका नागद्वीप पर हमले से क्या संबंध है? आत्महत्याओं से क्या संबंध है?

और सबसे बड़ा सवाल कि हमारा दुश्मन इस वक्त कहां पर है?
उनको ढूंढ पाने से कोई फायदा होगा भी या नहीं ये कहना मुश्किल है। क्योंकि इस बार उनको रोक पाना असंभव लग रहा है।
उनको मार पाने का कोई रास्ता हमारे पास नहीं है।
एक मिनट! मैंने कछुए के जो पुराने भित्तिचित्र देखे थे, उनमें उनको मारने का दृश्य भी था। पर...पर वह चित्र मुझे याद नहीं आ रहा है...
खैर, याद आ जाएगा!...फिलहाल....
हमको मरना नहीं आता, मैमॉथ! अब हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मानव भी अब हमारी मुट्ठी में हैं। या तो वे आत्महत्याओं के डर की वजह से चुप बैठेंगे या सस्ती ऊर्जा के लालच के कारण! और इसका नमूना मैं अभी दिखा देता हूं!
जूनियर! जूनियर!
जूनियर, यहां के होम मिनिस्टर को फोन करो और इन रास्ते के रोड़ों को कुचलने के लिए आर्मी को वहां पर भिजवाओ। तुरंत!
आर्मी तो चल चुकी है किंग।
Good
पर उनको नहीं, हमको पकड़ने के लिए हर देश की आर्मी हमारे हर हेडक्वार्टर पर धावा बोलने के लिए चल चुकी है।
ये...ये तू क्या बकवास कर रहा है? ऐसा कैसे हो सकता है?
ऐसे! करुनाकरण होश में आ गया है और वह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरी दुनिया को वीनॉम की सच्चाई बता रहा है।
ओफ्फ! इसे मैं कैसे भूल गया?

PRESS CONFERENCE
DR. K. KARUNAKARAN
(FOUNDER/DIRECTOR: SNAKE
जिसको आप वीनॉम कहते हैं। वह मेरी ईजाद है और उसको चलाने वाला रिएक्टर भी।
वीनॉम, सांप के विष से बना है और अभी यह प्रायोगिक स्तर पर ही है। अभी इसका व्यापक इस्तेमाल हमारे लिए घातक हो सकता है।
यानी...यह फॉर्मूला चुराया गया है। यह तो आपराधिक कृत्य है।
इस वक्त मुझे सिर्फ वीनॉम के दुरुपयोग की चिंता है। अगर नागराज जीवित होता तो ऐसा कभी ना होता।
हर देश की सरकार ने तत्काल तौर पर वीनॉम के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी है और इस षड्यंत्र को रचने वाले गुनहगारों को पकड़ने की कार्यवाही विश्वस्तर पर शुरु हो चुकी है।
करुनाकरन ने सही कहा है। वीनॉम मानवों के लिए घातक है। पर कितना घातक है...
...क्योंकि शुरुआत तो अब मैं करूंगा।
VENOM MISSILE REA
मैं इसके लिए भी तैयार था, मानव नाम के कीड़ों। तुम लोगों ने अपनी मौत खुद बुलाई है।
...इसका असर मानव आज अपनी आंखों से देखेंगे। यह ऐसा विनाश होगा जैसा मानव इतिहास में आज तक कभी नहीं हुआ होगा!
हे देव! तो इच्छाधारी नागों को विष के लिए अपहृत किया गया है!
पर अब तो सारी बातें साफ हो चुकी हैं। अब षड्यंत्रकारी पकड़े जाएंगे और पेट्रोलियम वापस मेन फ्यूल बन जाएगा।
ये इतना आसान नहीं होगा ओह! यह क्या है?
ये...ये जरूर वीनॉम मिसाइल है। अगर सचमुच वीनॉम इतना शक्तिशाली है तो इस मिसाइल की टक्कर महानगर जैसे बड़े शहर को भी समतल मैदान बना देगी।

किंग का ये डिमॉन्स्ट्रेशन पूरी दुनिया पहले देखने वाली थी-
और फिर हिलने वाली थी!
ये मिसाइल बिना किसी चेतावनी के महानगर तक कैसे पहुंच गई?
ये महानगर के ऊपर हवा में एकाएक प्रकट हो गई सर।
जैसे किसी दूसरे आयाम से? पर...ऐसा वार कौन कर सकता है?
जवाब तुरंत मिल गया-
वीनॉम मिसाइल को रोकने का कोई तरीका नहीं था।
मानव कीड़ों, मैं हूं तुम्हारा भाग्य विधाता, किंग। वीनॉम का मालिक। मेरा कोई भी विरोध करने से पहले यह नमूना देख लो।
और फिर अगर मरना हो तो रोकने की कोशिश करना।
बचने का एक ही रास्ता है। पानी में कूदो। शायद पानी के नीचे हम बच सकें।
विष के दाह से पानी भी नहीं बचेगा। तट का पानी भाप बनकर उड़ जाएगा। बचने का कोई तरीका नहीं है।
इस मौत से तो शायद नागराज भी महानगर को नहीं बचा पाता।
नागराज का तो मैं नहीं जानता।
पर इस नगर को मैं धूल में मिलने नहीं दूंगा।
क्या करेगा ये?
हे देव! ये तो...नागराज की तरह आत्महत्या करने वाला है।

"ये उस मिसाइल से टकराने जा रहा है जिसके विष में कई परमाणु बमों की शक्ति है। जो पहाड़ों को चूर कर दे और सागर को बादल बना दे।"
"अलविदा, अजनबी। तुमने अपनी जान देकर करोड़ों जानों की रक्षा की है। मानव जाति तुम्हारा ये बलिदान..."
"...कभी नहीं भूलेगी?"
असंभव! अद्भुत! ये नहीं हो सकता। इस विस्फोट से भला कोई कैसे बच सकता है?
खतरा अभी टला नहीं है।
इन घातक विष के बादलों को...दूर हटाना है। आऽऽह!
या तो मेरी आंखें खराब हो गई हैं या फिर मेरा दिमाग। कोई इंसान भला वीनॉम मिसाइल से टकरा कर कैसे बच सकता है?

लेकिन वह अजनबी कमजोर जरूर हो गया है। मेरी दूसरी मिसाइल इसके साथ-साथ महानगर को भी खत्म कर देगी।
...."डिमॉन्सट्रेशन पूरा होकर रहेगा।"
ओफ्फ! एक और मिसाइल। और ये पहले वाली से ज्यादा खतरनाक लग रही है।
उठो, अजनबी, उठो। तुम्हारे अलावा इस विनाश को कोई टाल नहीं सकता। उठो, अजनबी!
ये तो हिल भी नहीं रहा है। अब सब कुछ खाक में मिलकर ही रहेगा और हमारे बाद किंग क्लैन को रोकने वाला कोई नहीं रहेगा।... मानवों में 'किंग क्लैन' को रोकने योग्य शक्ति नहीं है।
गलत!
इंसानों में ही वह शक्ति है विसर्पी।
ये तो तिलिस्म 'सुरंग घुमेर' है। यानी...
अब ये मिसाइल समय के अंत तक इसी भूल भुलभुलैया में घुमती रहेगी।
भारती तुम यहां कैसे?
हमारे 'कॉमन' दुश्मन ने मुझ पर भी हमला किया था। पर मैंने उसे बंदी बना लिया और बाबाजी ने उससे सारे राज उगलवा लिए।

मेरी वीनॉम से लदी दो कीमती मिसाइल्स बेकार चली गई। अब और नुकसान मैं नहीं सह सकता।
अभी भी सारे पत्ते मेरे पास हैं। नागद्वीप के विषैले सर्प भी, सुसाइड रे भी और नागराज भी।
अब सबसे पहले नागद्वीप के सभी इच्छाधारी नागों के शरीर से उनके विष की अंतिम बूंद तक चूस लो। हमको ढेर सारा वीनॉम भी मिलेगा और सारे सर्प शक्तिहीन भी हो जाएंगे।
और उसके बाद दुनियाभर में फैले हमारे किंग क्लैन के सभी स्लीपर एजेंट्स को संदेश भेज दो कि...
"तबाही फैलाने का वक्त आ गया है।"
"अब या तो मानवों को किंग क्लैन की सत्ता स्वीकारनी होगी।"
"या फिर उनके पास मरने के तीन तरीके होंगे।"
"स्लीपर एजेंट्स के हाथों मरो, वीनॉम से मरो या फिर रहम खाओ और आत्महत्या करो।"
POLICE
गोलियां इसकी मोटी चमड़ी को भेद नहीं पा रही हैं। हमको भारी हथियार चाहिएं।
पता नहीं वे हथियार भी इस पर असर डालेंगे या नहीं। ... और उनको चलाने के लिए हम जिंदा भी रहेंगे या नहीं।
पूरी दुनिया को विनाश की एक महालहर सुनामी की तरह डुबो रही थी-
इनके ऊपर जरूर कोई अदृश्य कवच है। जो इनको हमारे वारों से बचा रहा हैं अब हम क्या करें?
मुकबला करते रहो हम सोच रहे हैं।
मानवों के घुटने कांपने लगे थे। उनके झुकने में अब देर नहीं थी।
वीनॉम पर भरोसे के कारण आज आधी दुनिया अंधेरे में डूबी हुई है और बाकी बची दुनिया पर वैसे ही किंग क्लैन का साया फैल रहा है।
उसको रोकना होगा। वीनॉम को रोकना होगा। पेट्रोलियम को वापस लाना होगा।
हम ये युद्ध अकेले नहीं जीत सकते। हमको इस जीत के लिए इस अजनबी की मदद चाहिए।

मेरी शक्ति... मेरा साथ... नहीं दे रही है!...

तुम्हें संकेत देने वाला...अ..गाइड कहां है? उसके पास शायद कोई रास्ता हो।

अगर रास्ता हो तो मिस्टर गाइड से कहना कि हमको भी बताए। हमको तो ये भी पता नहीं है कि ये युद्ध शुरु करने के लिए हमको जाना कहां है।

ये...ये कोई अदृश्य शक्ति है। शायद अजनबी का...पथप्रदर्शक?

सिर्फ पथ प्रदर्शक! सभी का!

परंतु ये युद्ध जीतना आसान नहीं।

किंग स्नेक ने कई मोर्चे खोल रखे हैं!

सबसे पहले तो मानवों को 'किंग स्नेक' की सुसाइड रे से आजाद करना होगा, ताकि वे निर्भीक होकर दुनिया में उपद्रव मचाते किंग के एजेंट्स से स्वयं निपट सकें।

सुसाइड रे क्या है?

किंग स्नेक का मानवों की संवेदना तोड़ने का हथियार! वह सेटेलाइट-रे हर रहम करने वाले इंसान के दिमाग पर ऐसा असर करती है कि वह आत्महत्या कर बैठता है इस डर से कोई इंसान किसी की मदद नहीं कर रहा है। सबसे पहले उस कमांड सेंटर को खत्म करना होगा।

दूसरा मोर्चा है वीनॉम की प्रलयंकारी शक्ति से भरे हथियारों को समाप्त करना। परंतु वे हथियार उस आयाम में हैं जहां पर किंग-क्लैन को सदियों पहले कैद किया गया था। वहां तक सामान्य मानव के लिए पहुंच पाना असंभव है।

पर मेरे लिए नहीं। हम इच्छाधारी नागों ने ही किंग-क्लैन के लिए वह आयाम बनाया था। वहां आने जाने से हमको कोई रोक नहीं सकता।

और कोई मोर्चा है?

है। तीसरा मोर्चा वहां है जहां पर नागद्वीप के नाग कैद हैं। उनका विष तेजी से निकाला जा रहा है। वे मौत की कगार पर हैं। पर अगर युद्ध जीतना है तो सबसे पहले चौथे मोर्चे को जीतना होगा।

चौथा मोर्चा कहां है?

तीसरे मोर्चे के ठीक बगल में। जहां पर नागराज कैद है। अगर वह बचकर हमारे साथ आ गया तो आधा युद्ध तो हम ऐसे ही जीत जाएंगे।
नागराज... जीवित है?
यह नहीं हो सकता। अगर वह जीवित है तो मैं उससे संपर्क क्यों नहीं कर पा रही हूं?
क्योंकि दुश्मनों की कैद से उसकी विचार तरंगें भी बाहर नहीं आ सकतीं। वैसे वह मूर्च्छित है।
ये कहीं कोई धोखा तो नहीं है। किसी भी अदृश्य शक्ति का भरोसा हम कैसे कर सकते हैं?
धोखा हो या न हो, फिलहाल हमारे पास यही एकमात्र सूत्र है। यहां पर खड़े होकर समय व्यर्थ करने से अच्छा होगा अगर हम इसकी सत्यता की जांच करें।
तर्क की कसौटी पर तो पथ प्रदर्शक की बातें सही लग रही हैं। मैं अजनबी से सहमत हूं। हमको जाना चाहिए।
विश्वास करने के लिए धन्यवाद। अब मोर्चे तीन हैं। क्योंकि तीसरा और चौथा मोर्चा एक साथ ही है। तीनों मोर्चों पर एक साथ धावा बोलना होगा, ताकि दुश्मन को सतर्क होने का मौका ही न मिले।
यह तय कर लो कि किस मोर्चे पर कौन धावा बोलेगा।
हम तीन हैं और मोर्चे भी तीन हैं।
नहीं। हम चार हैं। मैं भी तुम लोगों के साथ हूं और मेरे अलावा किंग क्लैन को नष्ट करने का तरीका कोई नहीं जानता। वैसे भी किंग क्लैन के नष्ट होने से ज्यादा फायदा मुझे ही होगा।
...और मेरे ख्याल से हमको अपनी ताकत को बांट कर कमजोर नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह धोखा भी हो सकता है।
इसीलिए मेरा सुझाव है कि हम पहले दो टारगेट ही चुनें और उन पर अटैक करें। वीनॉम वेपन, भारती और विसर्पी के जिम्मे रहेगा और सर्पों को छुड़ाने का अजनबी और मेरे जिम्मे।
और मानवों पर खतरा बनकर मंडराती सुसाइड रे से कौन निपटेगा?

"कुछ समय तक उनको अपनी रक्षा खुद ही करने दो भारती। उसके बाद शायद उन को मदद की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।"
मैमोथ का सोचना सही था।
मानवों को उनकी मदद की जरूरत नहीं थी।
उनके रक्षक मौजूद थे।
कैसे प्राणी हैं ये? इन पर तो हमारे वारों को असर ही नहीं हो रहा है।
ये अवश्य किंग स्नेक का सेवक है। किंग क्लैन का सदस्य। इसको हम मार नहीं सकते! बस इनका ध्यान मानवों से हटा कर अपने पर लगाए रखो।
सबने अपने अपने लक्ष्य चुन लिए थे।
परंतु लक्ष्य को चुनना अलग बात थी। और उन पर सही वार कर पाना एकदम अलग।
पथ प्रदर्शक के अनुसार वीनॉम के हथियार इसी आयाम में हैं जहां पर किंग क्लैन को हमने भेजा था। इस कारण ये आयाम हमको अंदर घुसने से रोक नहीं सकता। मैं इसका द्वार खोलती हूं...
ओह! उनकी इच्छाधारी शक्ति अब इस द्वार की रक्षा कर रही है!
इस पर जो भी वार किया जाएगा, वह उसके कई प्रतिरूप बनाकर उलटवार करेगी।

अंदर तो हम जाकर रहेंगे।
पर कैसे? द्वार अपने आप खुलेगा नहीं और अगर इस पर वार किया तो वह वार कई गुना बढ़ कर वापस हम पर ही आएगा।
तब तो काम आसान हो गया, विसर्पी।
तुम क्या करने जा रही हो?
निमिषफोट का वार करने। ये ऐसा तिलिस्मी विस्फोटक है जो बनते ही फट जाता है। इसीलिए ये आज तक किसी के काम नहीं आया।
पर आज आएगा...
अब ठीक द्वार पर निमिषफोट बनेगा...
और तुरंत फट जाएगा।
इच्छाधारी शक्ति तुरंत हम पर वार करने के लिए इनके प्रतिरूप बनाएगी।
और ये बनते ही फट पड़ेंगे। द्वार पर ये दूसरा वार होगा।

इच्छाधारी द्वार पाल शक्ति फिर से निमिषफोटो के प्रतिरूप बनाएगी वे फिर फटेंगे।
मुकाबला तिलिस्मी शक्ति और इच्छाधारी शक्ति में था-
और ये चक्रवात तब तक चलता रहेगा, जब तक इच्छाधारी शक्ति की इच्छा के चिथड़े नहीं उड़ जाएंगे।
और तिलिस्मी शक्ति पीछे हटने वाली नहीं थी!
लो, खुल गया सिमसिम!
मैमॉथ का आइडिया अच्छा था। वर्ना अकेले आती, तो शायद अंदर घुस भी न पाती!
हमको इस आयाम में मौजूद हथियारों को नष्ट करना... आऽऽऽह!
अंदर आते ही मेरी तिलिस्मी शक्तियां क्षीण हो गईं।
अब योजना क्या है? हमारे पास समय नहीं है। द्वार टूटने की खबर दुश्मनों तक पहुंच गई होगी।
योजना तो एक ही है भारती।
इस आयाम को हमने इसी तरह का बनाया था ताकि ये हर तरह की शक्ति को आने-जाने से रोक सके।
पर तुम चिंता मत करो। मुझे यहां मौजूद हथियारों को नष्ट करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।
33

क्योंकि अगर ये सारे हथियार वीनॉम यानी इच्छाधारी नागों के विष की ऊर्जा से चलते हैं, तो मैं उस विष को ही पी जाऊंगी। ऊर्जा का स्रोत खत्म होते ही ये विनाशकारी हथियार टीन के डिब्बे बनकर रह...
हे देव! ये...यहां तो असंख्य हथियार हैं। इन सबको एक-एक करके नष्ट करने में तो सदियां बीत जाएंगी।
पर एक बात बड़ी आश्चर्यजनक है, विसर्पी। इन हथियारों के लिए एक भी किंग आर्मी का पहरेदार नजर नहीं आ रहा है।
वह इसलिए क्योंकि ये खुद ही अपने पहरेदार हैं।
और थोड़ी देर बाद तुम्हारी गैर मौजूदगी ये बताएगी कि षड्यंत्र सफल रहा।
तुम्हारे सेवक नागों के विष की इच्छाधारी शक्ति ने इनके अंदर भी थोड़ी बहुत इच्छाशक्ति पैदा कर दी है।
तुम! तुम्हारी मौजूदगी ये बताती है कि हमें यहां भेजना एक सोचा समझा षड्यंत्र है।
अगर वह सचमुच एक षड्यंत्र था-

तो इसकी चपेट में अजनबी और मैमॉथ भी आने वाले थे।
संभल कर। हो सकता है कि पूरी छत पर सेंसर्स लगे हों, जो हमारे छत छूते ही, अलार्म बजाकर हमारे आने का ऐलान कर दें।
हो सकता है नहीं ऐसा ही है। इसीलिए हम छत पर नहीं उतरेंगे।
फिर... कहां उतरेंगे?
यहां!
यही है वह इमारत जिसके बाएं टॉवर की एक सौ सौलहवीं मंजिल पर नागराज मौजूद है। बाएं टॉवर में नागद्वीप के सर्प बंधक हैं। इस हेडक्वार्टर का पता एकदम गुप्त है।
पर याद रखना, इस इमारत की सुरक्षा में किंग क्लैन ने अपनी पूरी शक्ति झोंक रखी है। चप्पे-चप्पे पर खतरनाक किंग आर्मी के लड़ाके मौजूद हैं।
और इसकी सुरक्षा प्रणाली में हर उस शक्ति की काट मौजूद है जिसका उपयोग इच्छाधारी शक्ति वाले प्राणी कर सकते हैं।
मेरा कार्य समाप्त हुआ। अब आगे की योजना बनाना तुम्हारा कार्य है।
अच्छा आइडिया लगाया। बस, पानी जरा ठंडा है।
अब तुम यहां तैरते हुए किंग आर्मी को खत्म करने का तरीका याद करो, तब तक मैं उनको खत्म करके...
...वापस आता हूं।
लो, इसी को कहते हैं मंझधार में छोड़कर भाग लेना। एक तो ठंडा पानी है और ऊपर से तैरते रहना है।
मैंने आने की जिद की थी, नहाने की नहीं।
हुम!

क्या..क्या हुआ? तुम ठीक तो हो न?
चारों तरफ, हर एंट्रेंस पर अदृश्य दीवारें खड़ी हैं। मैं पता नहीं क्यों, उनके पार नहीं जा पाया और मुझे झटका भी लगा। उस झटके ने मुझे वापस भेज दिया।
मुझे सोचने का मौका देते तो ये नौबत नहीं आती।

मैं पहले इस इमारत को पहचान नहीं पाया था। क्योंकि मेरे समय से इसमें काफी बदलाव हो चुके हैं। फिर मेरी याददाश्त भी कमजोर हो रही है।
तुम्हारे समय से क्या अर्थ है?

ये इमारत मैंने बनवाई है। पहले ये मेरी कंपनी का एशिया जोन हेडक्वार्टर हुआ करती थी। घाटे के कारण बेचनी पड़ी और मैं इस बिल्डिंग की रग-रग जानता हूं। इसमें अंदर जाने का एक ऐसा रास्ता है, जिसके बारे में किंग क्लौन खुद नहीं जानता होगा।

ये एक अन्यूज्ड शॉफ्ट है जो लिफ्ट के लिए बनाई गई थी। पर इसमें लिफ्ट कभी नहीं लगी। इसके हर फ्लोर पर जाने के लिए दरवाजे भी हैं। पर वे वुडेन पेनल से ढके रहते हैं।
इसके ऊपर कोई अवरोध नहीं होगा। क्योंकि कोई इस रास्ते के बारे में जानता ही नहीं है। तोड़ दो इसे।
तोड़ने की आवश्यकता नहीं है।

अद्भुत!

मुझे महसूस हो रहा है कि इस बिल्डिंग की हर मंजिल पर किंग क्लैन के लड़ाके भरे हुए हैं। एक से एक भयंकर और वह भी भारी तादाद में।
तब तो हम सही जगह पर पहुंचे हैं।
अब इनको नष्ट करने का तरीका याद करो। वर्ना हम गलत जगह पर पहुंच जाएंगे।
129
उन भित्तिचित्रों में कई इंसान एक साथ उस विचित्र रेप्टाइल पर भाले मार रहे थे। कोई नाक में घुसा रहा था, कोई हाथ पैरों में। पर एक भाले के चारों तरफ चमक बनाई गई थी। शायद वही खास भाला था।
पर उसकी स्थिति ठीक से याद नहीं आ रही है। पीठ पर था, या...दुम के छोर पर था।
ओफ्फ! यहां तो दीवारों पर पल रहे ये छोटे-छोटे जोंक भी हम पर अटैक कर रहे हैं।
बंद शॉफ्ट में ऐसे ही जीव पनपेंगे। ये मेरे शरीर पर भी चिपक रहे हैं। हजारों की तादाद में। शायद इनको बड़े दिनों बाद कोई शिकार मिला है।
116
ओफ्फ! अब और ज्यादा देर हम इंतजार नहीं कर सकते। वर्ना इसको नष्ट करने के लिए मुझे शक्ति का प्रयोग करना पड़ेगा और दुश्मन सतर्क हो जाएगा।
वैसे भी हम 116वीं मंजिल के लेवल पर आ चुके हैं।
ठीक है। पहले स्थिति को भांपना होगा और उसके बाद होगा...
Attack

उसके लिए धन्यवाद, मैमॉथ! अब इससे पहले कि किसी को हमारे यहां होने की भनक लगे, मैं नागराजको यहां से ले जाऊंगा।
तो...ये है नागराज। यानी हम सही जगह पर पहुंचे हैं।
लेकिन...यहां पर तो किंग क्लौन का कोई भी रक्षक मौजूद नहीं है। आश्चर्य।
रक्षकों की क्या जरूरत है? नागराज बाहर जा नहीं सकता और अंदर कोई आ नहीं सकता।
वैसे भी, सामान्य रास्ते से इस हॉल तक पहुंचने के लिए सात सिक्योरिटी चेक्स को पार करना पड़ता है।
मैं तुमको छोटे रास्ते से सही जगह तक ले आया।
तुम...तुम तो किंग क्लौन के मेम्बर हो।
शुरू से।
लेकिन सिर्फ मेरी।
किंग क्लौन के खात्मे के लिए मैं तुम दोनों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचा कर यहां वापस आऊंगा...
ये...ये क्या? मेरी शक्तियां निष्क्रिय क्यों हो रही हैं।
धीरज रखो, अजनबी। शक्तियां काम करेंगी। जरूर करेंगी।
तो फिर... असली मैमॉथ कहां हैं?

फिर तुम तो पेट्रोलियम के माध्यम से वैसे ही दुनिया की ऊर्जा को काफी हद तक कंट्रोल कर रहे थे। फिर ये वीनॉम का चक्कर क्यों?
मैं ही हूं असली मैमोथ। हम सदियों से मानवों के बीच में रहते आए हैं और हमने इच्छाधारी शक्ति से उस स्तर को पा लिया है जिसके कारण हमको इच्छाधारी नाग भी नहीं पहचान सकते।
पेट्रोलियम से इंजन चलते हैं, हथियार नहीं बनते अजनबी। और दुनिया को कंट्रोल हथियार करते हैं। वीनॉम ऊर्जा भी देता है और हथियार भी और सबसे बड़ी बात...
...मानवों के साथ-साथ हमारे परम दुश्मन इच्छाधारी नागों के ऊपर कंट्रोल भी देता है। आज किंग क्लैन इस दुनिया का निर्विवाद शासक है तो सिर्फ वीनॉम की ऊर्जा के दम पर।
ओफ्फ! तुमने मेरे साथ-साथ पथ प्रदर्शक को भी धोखा दिया।
यह है तुम्हारा पथ प्रदर्शक। हवा में तैरने वाला छोटा सा यंत्र और ...अहम्...थोड़ा कमाल मेरे 'वेंट्रिलोक्विजम' का भी है। हवा में आवाज को फेंकने की कला।
बोल मैं रहा था और सुन रहे थे तुम इसके माध्यम से। हमारे सामने तुम लोग हर कदम पर बेवकूफ सिद्ध हुए, अजनबी।
तुम भूल गए कि तुम्हारी शक्तियां काम करना भूल रही हैं। शॉफ्ट में मौजूद वे जीव जोंक नहीं थे...
नैनोसॉर हैं। हमारी एक हाइब्रिड जाति। इनमें जन्म से ही हर किस्म की शक्तियों को अवरुद्ध करने की पॉवर होती है। इन्होंने तुम्हारे शरीर पर एक अवरोध जाल बिछा दिया है। तुम्हारी कोई भी शक्ति कम से कम दो घंटों तक बाहर नहीं आ सकती। और मुझे शक है कि...
सबसे बड़ी बेवकूफी तो तुमने की है मुझे अपने हेड क्वार्टर के बीचों-बीच में पहुंचाकर।

...कि तू दो मिनट तक भी जिंदा रह पाएगा। अब पहले तू जुबान खोलेगा फिर मरेगा!
इस वक्त सिर्फ तू ही हमारे लिए सबसे बड़ा और एकमात्र खतरा है।
बता, कौन है तू? क्या तेरे जैसे और भी हैं?
अजनबी जब तक जिंदा था जब तक उसकी जुबान बंद थी।
परंतु मानवों के पास ये मोहलत नहीं थी।
रुको। अपने वाहन को इसके पैरों से टकराकर इसे गिराओ। हमारी मदद करो।
तुम्हारी मदद करूंगा तो आत्महत्या करने की नौबत आएगी। तुम्हारी मदद करने में हर तरफ से मौत है। मुझे माफ करो, भाई। मैं महाकायर हूं।
ओफ्फ! हम संख्या में कम हैं। हमको विजय के लिए मानवों की मदद चाहिए।
जीतना है तो मानवों के डर को मारो। उस 'सुसाइड रे' को खत्म करो जो इनको रहम करते ही आत्महत्या करने पर बाध्य कर रही है।
कौन हो तुम? सामने क्यों नहीं आते?

मैं तुम्हारा मित्र हूं। युद्ध जीतना है तो मेरा विश्वास करो।
तुम पर विश्वास करने का हमारे पास कोई कारण नहीं है।
तो सुनो। यह किंग क्लैन का मेम्बर भूमिष्क है। भूमि ही इसकी शक्ति है और जल इसकी कमजोरी। इसको कमजोर करने के लिए चाहिए...
"पानी!"
"अब अगर मुझ पर यकीन आ गया हो तो चलो।"
"तुमको सुसाइड रे कंट्रोल सेंटर को नष्ट भी करना है और पूरी दुनिया को इसकी खबर भी देनी है।"
अज्ञात सूत्रों के हवाले से यह पता चला है कि दुनियाभर में आत्महत्याओं के दौर के पीछे भी 'वीनॉम' का ही हाथ था। ऐसा वे सेटेलाइट से रहस्यमय 'सुसाइड रे' बरसाकर कर रहे थे। अब इस खतरे को नष्ट किया जा चुका है और आत्महत्याओं पर विराम लगने की उम्मीद है।
TERROR ENDED!
य...यानी अब हम एक दूसरे की मदद भी खुलकर कर सकते हैं और अपनी भी।
किंग क्लैन के किले धराशायी होने शुरू हो गए थे।

परंतु रहस्य अभी भी बरकरार थे और खतरे भी।
अगर इसी ने हमको फंसाया है तो अजनबी की जान भी खतरे में होगी।
होगी नहीं, है। मेरा दूसरा रूप उससे इंटरव्यू ले रहा है पर तुम अपने खतरे के बारे में सोचो।
वह तो जब तक जुबान नहीं खोलेगा तब तक शायद जिंदा रहेगा। पर तुम्हारी जुबान तो हमको बंद करनी ही है। पर जल्दी मरना।
किंग को खुशखबरी सुनने में देरी पसंद नहीं है।
सुन लो।
और ज्यादा बोलने का ठप्पा हम औरतों पर लगता है।
उसे छोड़ो! मेरी तिलिस्मी शक्तियां यहां काम नहीं कर रही हैं।
अब तुम ही कोई रास्त सोचो। आखिर ये आयाम भी तुम लोगों का बनाया हुआ है और विष भी तुम्हारा है।
यह आयाम हमारे कंट्रोल में नहीं हैं और विष अब ऊर्जा स्रोत बन चुका है। मेरे पास सिर्फ एक हथियार है। यह राज नागदंड। एक पल ठहरो एक रास्ता है।
बोलो।
समय नहीं है। बस अपनी पूरी बची-खुची तिलिस्मी शक्ति को इन्हें रोकने में झोंक दो।
अरे! मेरे पास इतनी शक्ति नहीं है। रोक पाऊंगी तो भी सिर्फ कुछ सेकंड्स के लिए। उससे क्या फायदा...ये तो सुन ही नहीं रही है।
उम्म्मफ् अब.. क्या...करूं? बोलो, विसर्पी! ...या हमारे मरने के बाद...बोलोगी?

अब देख क्या रहे हो, भाई लोगों? वार करो ताकि मैं उछलूं। मुझसे इंतजार नहीं होता।
बस...मैं..और नहीं रोक सकती इनको!
अब ये हम पर वार नहीं करेंगे।
क्यों?
क्योंकि नागद्वीप के राजदंड ने अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए हर विष बूंद में से इच्छाधारी शक्ति को कब्जे में ले लिया है।
अब ये हथियार भी हमारे कब्जे में हैं और मैमॉथ भी।
तुम्हारे कब्जे में कुछ भी नहीं है, लड़कियों।
किंग!

दूसरी तरफ-
अब देखो अजनबी। कैसे तुम्हारे दिमाग की बत्ती जलेगी और जुबान की मोटर चालू होगी।
आऽऽऽह!
ये क्या? अजनबी में एका एक इतनी जान कैसे...
...आ गई?
त...तुम तो इच्छाधारी नाग हो।
नागराज के इच्छाधारी सर्प।
पर...पर तुम यहां तक कैसे पहुंच गए? तुमको कैसे पता चला कि नागराज जीवित है।
एक अदृश्य आवाज ने हमें बताया। उसी ने, जिसने तुम्हारी सेटेलाइट सुसाइड रे का ठिकाना बता कर हमे उसको नष्ट करने का मौका दिया।
अ...अदृश्य आवाज। पर...मैंने तो कुछ नहीं....
खेल खत्म हुआ, मिस्टर मैमॉथ। यही तुम्हारा नाम है न?

हां! और जानते हो क्यों है मेरा ये नाम?
इसलिए!
और सुनो। ये जो वार तुम कर रहे हो, वे तुम्हारी विष शक्तियों के कारण हैं। ये वैसे भी मुझ पर असर नहीं करेंगे।
खेल अब खत्म हुआ है।
शाबास, मैमॉथ!
तू सचमुच मेरी दाहिनी जीभ है।
अब हम बाजी पूरी तरह से जीत चुके हैं।

"चाहे दुनियावाले ये समझते रहें कि वे जीत रहे हैं।"
"पर सच्चाई तो ये है कि इस खेल का हर पत्ता हमारे पास है।"
हमारा हर पांसा सही पड़ा है। पर दो रहस्य अभी भी हमारे लिए खतरा बन सकते हैं।
पहला तो अजनबी के बारे में कुछ भी पता न चल पाना है। और दूसरा...
दूसरा क्या?
दूसरी वह अदृश्य आवाज है जिसने नागराज के सर्पों को सुसाइड रे के कंट्रोल सेंटर पर पहुंचाया और नागराज के जीवित होने और वहां पर होने का पता भी दिया।
वह जो भी शक्ति है, हमसे टकराने से डरती है। वर्ना अदृश्य कभी न रहती। उससे भी हम निपट लेंगे।
पर पहले इस दुनिया को यह बता दिया जाए कि मच्छरों की तरह हम पर हमला करने की कोशिश का कोई फायदा नहीं है।
...क्योंकि हमारी एक दहाड़ उनका खून सुखा देगी।
अरे! ये...ये बटन कैसे जाम हो गया है?
इंजीनियर को बुलाओ। तुरंत!!
मेरी टांग में कुछ फंसा है दरवाजा भी बंद हो रहा है। कोई... कोई और शक्ति है यहां पर? कौन...कौन हो सकता है ये जो हमको भी नजर नहीं आ रहा है। ये...जरूर वही है।
46

VENOM MISSILES INITIATED
सभी हमारे कब्जे में हैं। अब तो एक ही ऐसा शख्स बचता है, जो हमको चुनौती देने का साहस कर सके। वेदाचार्य! वह अभी तक सामने नहीं आया है।
अभी भी नहीं आया है! आश्चर्य है!
ये हमें रोक नहीं सकता। मिसाइल्स दागने के लिए हम बटनों के मोहताज नहीं हैं।
मिसाइल्स एक्टीवेट हो चुकी हैं।
MISSILES LAUNCHING
10
दस मिनट के अंदर ये वीनॉम मिसाइल्स दुनिया के हर बड़े शहर को तबाह करने के लिए एक साथ चल पड़ेंगी। अगर दुनिया को बचाना चाहता है तो सामने आ जा।
वर्ना दुनिया को फिर भगवान, खुदा, गॉड और रब मिलकर भी नहीं बचा पाएंगे।
ये सभी एक हैं।
ये...ये क्या?
जैसे हम सब एक हैं।
ये...नागराज के बजाय, अजनबी के शरीर में क्यों समा रहे हैं?
किंग, नागराज को देखो। उसके चेहरे को कुछ हो रहा है।
47

ये तो...नागदंत है। इसका तो एक ही अर्थ है कि ये अजनबी।
नागराज है।
ये नागराज बन रहा है। इससे पहले कि ये पूरी तरह से नागराज बन जाए बढ़ा दो इसके बंधनों की शक्ति को। ये...ये आजाद नहीं होना चाहिए।
हाहाहा! समय रहते सच्चाई सामने आ गई। मैंने अवरोध की शक्ति को लाख गुना बढ़ा दिया है। अब नागराज आजाद नहीं हो सकता।
तू मुझे भूल गया, किंग!
बटन अपने आप दब रहे हैं। अरे, ये भरभंडा करने वाला कौन है, भाई? अगर तू वेदाचार्य है तो आवाज बदल कर क्यों बोल रहा है?
तुम्हारी दुनिया पर राज करने की दूसरी कोशिश यहीं पर समाप्त होती है, किंग!
ये तो...धोखा है। तुमको तो मैंने मौत के मुंह से खींचकर बंदी बनाया था। फिर...फिर ये गड़बड़ कैसे हो गई?

तुम्हारी 'सुसाइड रे' के बारे में मुझे अभी-अभी सौडांगी से पता चला है। उसी के कारण मुझे ये पूरी योजना रचनी पड़ी।
भारती कम्युनिकेशन के उस ग्लोब के गिरते ही मैं इच्छाधारी कणों में बंट चुका था और वहां पर तुम्हारी उपस्थिति का आभास होते ही मैंने नागदंत के शरीर में कुछ इच्छाधारी परिवर्तन करके तुम्हारे साथ भेज दिया था।
मैं जानता था कि मुझे राज के रूप में घेरने और मारने की कोशिश जरूर की जाएगी। इसीलिए मैंने ऐसी स्थिति के लिए अपने आपको 'सेल्फ हिप्नोटाईज' करके कुछ खास निर्देश दे दिए थे। जिनमें एक नए रूप को धारण करना, विष शक्तियों का प्रयोग न करना और हर कीमत पर षड्यंत्रकारियों यानी तुम तक पहुंचने के निर्देश शामिल थे।
उसके बाद 'सेल्फ हिप्नोसिस' के कारण मैं खुद भी अपने बारे में सबकुछ भूल गया था। मेरी पथ प्रदर्शक सिर्फ वे मानसिक तरंगें थीं जो या तो मेरे करीबी लोगों से मुझ तक आ रही थी या फिर मेरे जासूस सर्पों से।
और मेरी सेल्फ हिप्नोसिस तभी टूटनी थी जब मैं षड्यंत्रकारियों के मुख्य ठिकाने तक पहुंच जाता। जैसे कि अब!
पर अब कोई फायदा नहीं है, नागराज। तू चूहे कि तरह पिंजरे में फंस गया है अब हर मंजिल पर मौजूद किंग क्लोन आर्मी के हजारों लड़ाके यहीं पर आने वाले हैं!
और अपनी सारी शक्तियों के बावजूद भी तू उनसे जीत नहीं सकता।
मैं जानता हूं।
हा हा! भाग जा। सबको मुसीबत में छोड़कर भाग जा और तू कर भी क्या सकता है।

पर भागते-
भागते अपनी दुनिया का
विनाश जरूर देखते जाना।
मिसाइल्स छूटने में सिर्फ
एक मिनट बचा है।
देखूंगा भी...
...और
दिखाऊंगा भी।
मेरे बंदी बनने के
बाद मेरे शरीर पर लगा शक्ति
अवरोध हट चुका है।
कमाल है नागराज!
ये...ये नई शक्तियां तुममें
कहां से आईं?
नागदंत की मेहरबानी
से। ये शक्तियां उसके शरीर में
थी जो नागदंत के मेरे शरीर में आने के
बाद मुझमें ट्रांसफर हो गईं। अब मुझे
ये नहीं पता कि इनका असर
कब तक रहेगा।

फिलहाल तो हमको एक तीर से दो शिकार करने हैं। इस फ्लोर में कैद नागद्वीप के नागों को उनका विष वापस दिलाना है।
और इन वीनॉम मिसाइलों को आबादी तक पहुंचने से रोकना है।
ये इच्छाधारी महानाग अपने ही विष के बादलों की एक-एक बूंद को समेट लेंगे...
...और इसके साथ-साथ मैं किंग कलैन को समेट कर ऐसी जगह पर दफन करूंगा जहां से ये कभी बाहर नहीं आ पाएंगे।
पलड़ा तो अभी भी हमारा ही भारी है, नागराज।

अब फैसला सिर्फ मेरे और तेरे बीच में होगा। नागराज! तू है संसार का सबसे बड़ा महाविषधारक और मैं हूं दुनिया का सबसे बड़ा महाविषरोधक!
जो जीवित रहेगा, उसका दुनिया पर राज होगा।
सुना है तू बुलेटप्रूफ है। पर लेजरप्रूफ है या नहीं?
तू मुझसे ऐसे वार की उम्मीद नहीं कर रहा था। नहीं कर रहा था न?
मैं कह रहा था! वैसे अगर तू विष शक्तियों से सुरक्षित न होता तो ये किरणें मैं तुझ पर भी पलटा सकता था।
और मैं तंत्र शक्ति से तुझे भस्म कर देती। पर अफसोस कि मेरा तंत्र भी नागतंत्र है।
लेकिन फिर भी इसमें इतनी शक्ति तो है कि ये तेरे पिट्ठुओं को बांध सके।
और तुझको बांधने वाली कैद मेरे पास है, किंग! हर सरीसृप को बेबस कर देने वाली ठंडी बर्फ की कैद।
उSSSSSह! आSSSSह! किटकिट किटकिट! तेरी ठंड ने तो मुझे...मार डाला रे!
ऐसा मैं कहता, अगर तेरी ये बर्फ तेरी विष शक्तियों के कारण न होती। ये मुझ पर तो नहीं पर इसकी चोट तुझ पर जरूर असर करेगी।

तीन सर्प तो निकल गए। अब तेरे शरीर में अगर इच्छाधारी नाग बचे भी होंगे तो गिनती के। और मुझे ये भी पता है कि तू अपनी इच्छाधारी शक्ति का एक बड़ा हिस्सा खो चुका है।
पर मेरे शरीर में इच्छाधारी किंग क्लैन की तादाद बढ़ रही है। जितने मेम्बर मेरे हेडक्वार्टर में थे सभी मेरे शरीर में समा रहे हैं।
अब मेरे पास तुझसे लाखों गुना ज्यादा इच्छाधारी शक्ति है और इस युद्ध का निर्णय इच्छाधारी शक्ति ही करेगी।
ओह! इसकी विपरीत इच्छाधारी शक्ति मेरे शरीर को तोड़ रही है। मुझे कुछ करना होगा। सोचना होगा।
विपरीत इच्छाधारियों के दो महाधारक आपस में टकरा उठे और पूरी दुनिया में इच्छाधारी ऊर्जा की तरंगें फैलकर...
...एक नए किस्म का विनाश फैलाने लगीं।
ओफ्फ! नागराज, किंग की विपरीत इच्छाधारी शक्तियों को झेल नहीं पा रहा है। हमें उसकी मदद करनी होगी।
पर...हम तो बंधन में हैं। अगर ये बंधन खुले तो...
बंधन खुल जाएंगे।

पहले तो मैमॉथ बोल रहा था। अब ये कौन है?
दोस्त! क्योंकि मेरा एक ही उद्देश्य है। किंग क्लैन का इस दुनिया से समूल नाश।
पर इनको मारना मुश्किल है और उससे भी ज्यादा मुश्किल है कैद करना!
क्योंकि हमने उनकी आयाम जेल इच्छाधारी शक्ति से बनाई थी और अब उनकी विपरीत इच्छाशक्ति हम पर ही हावी हो रही है।
तो फिर कैद किसी और किस्म की होनी चाहिए। जैसे... तिलिस्मी।
ये तो मैं आराम से कर सकती हूं। पर इसको उसके अंदर कौन भेजेगा?
नागराज! भरोसा रखो उस पर।
"उसको मुझसे ज्यादा अच्छी तरह और कोई नहीं जानता।"
मुझे अतिरिक्त इच्छाधारी शक्ति चाहिए।
...और वह मुझे मिलेगी, नागद्वीप के इच्छाधारी सर्पों से।
अब हम दोनों की इच्छाधारी शक्तियां बराबर हैं। अब मुकाबला बराबरी का होगा।

विपरीत इच्छाधारी शक्तियों की किरणें चारों तरफ फैलकर पृथ्वी को अपने आगोश में ले रही थीं।
और अपना विचित्र असर दिखा रही थीं।
ये क्या हो रहा है?
इच्छाधारी शक्ति के दुष्प्रभाव। साइड इफेक्ट्स। इसी कारण हम इच्छाधारी शक्ति धारक दुनिया से दूर रहते हैं। अगर ये लड़ाई जल्द ही किसी निर्णय पर नहीं पहुंची...
"...तो लड़ाई कोई भी जीते, यह दुनिया युद्ध हार जाएगी और यह बात अब तक नागराज भी समझ गया होगा।"
ओफ्फ! विनाश हो रहा है। अगर ये युद्ध विष शक्तियां नहीं, बाहुबल जीते, तो ऐसा ही सही। परंतु निर्णय शीघ्र होना चाहिए।
परंतु बाहुबल से जीतना इतना आसान नहीं था।
हारना जरूर आसान था।
किंग, नागराज पर हावी हो गया है उसको वार करने का मौका ही नहीं मिल रहा है।
कैसे मिलेगा? इच्छाधारी शक्ति जब किसी की मर्जी से विपरीत उसका आकार बदलती है तो मर्मांतक पीड़ा होती है, भारती।

"नागराज इस वक्त कितनी पीड़ा सह रहा है इसका अंदाजा लगाना भी असंभव है। काश, मैं उसकी मदद सकती।"
अब तेरे साथ-साथ पूरे नागद्वीप का भी बंडल बनाने का समय आ गया है तेरे विखंडन के साथ किंग क्लैन का रास्ता साफ हो जाएगा। बिल्कुल साफ।
साफ।
साफ का अर्थ गंदगी दूर करना होता है और यहां की गंदगी तुम हो, किंग।
आऽऽह! तुझमें एकाएक इतनी ताकत कैसे आ गई?
यह युद्ध में बॉक्सर की तरह लड़ रहा था और बॉक्सिंग में वही जीतता है जिसमें चोट सहने की क्षमता ज्यादा होती है।
मुझ पर बेहिसाब वार करके तूने अपनी इच्छाधारी शक्ति को खुले हाथों से खर्चा है और अब तेरी शक्ति मेरे इच्छाधारी वार का मुकाबला नहीं कर सकती।
नागराज, उसे तिलिस्मी द्वार में धकेलो।
ओफ्फ! नागराज की इच्छाधारी शक्ति थोड़ी सी कम पड़ रही है।
और उसे वह अतिरिक्त शक्ति मेरा राजदंड देगा जिसमें वीनॉम हथियारों की इच्छाधारी शक्ति समाई हुई है।
अब मैं भी चलता हूं क्योंकि जहां पर किंग है अब वहीं मेरा घर है।
तू कौन है, भाई? और किसकी तरफ है? हमारी या किंग की?
शायद... चला गया।

नागद्वीप के नाग तो घर गए। सब सामान्य हो गया है। पर क्या वीनॉम के साथ-साथ तुम्हारी उड़न शक्ति भी समाप्त हो गई, नागराज?
अभी तक तो नहीं। पर ये असर कब तक रहेगा ये डॉक्टर करुनाकरन भी नहीं बता पा रहे हैं।
नागदंत को क्या हुआ? वह एकाएक गायब कैसे हो गया?
पता नहीं। शायद हमें आजाद कराने वाली शक्ति ही उसे ले गई।
कस्टमर आ रहा है। मैनेजर से मिलने।
हम जापानी कंपनी 'यामाहामा मशीन्स' का वाइज प्रेसीडेंट है। सूकोहीता! हमने आपका सिक्योरिटी के बारे में अच्छा-अच्छा बात सुना है। हमको अपना वर्ल्ड वाइड ऑफिसेज के लिए आपका सिक्योरिटी चाहिए।
आप यहां का मैनेजर है?
Yes, Mr. Sukohita.
आपका नाम?
My name is Shah!
What Shah? बादशाह?
नागराज शाह!
नागराज! वही वाला?
वही वाला!
हीहीही। Good humour! हमारा जमेगा शाह!
तो अब ये त्रिगाथा यहीं पर होती है... समा...एक मिनट, एक मिनट!

एक रहस्य तो हम आपको बताना ही भूल गए। फूऽऽ। सही समय पर याद आ गया।
तो आइए।
म...मैं कहां हूं। अरे, कोई यहा पर? कोई तो आओ। मुझे छुड़ाओ। ये कम्बख्त मेरे क्लैन वाले भी मेरे शरीर से निकल नहीं पा रहे हैं।
हैलो! हैलो SSSS!
बोलो, मिस्टर किंग।
तुमने एकदम सही नंबर मिलाया है।
तुम! तो...तो वह तुम थे जो अदृश्य रूप में हमारे दुश्मन की मदद कर रहा था। पर...तुम जिंदा कैसे बच गए?
विष ने जीने नहीं दिया। वीनॉम की एंटीडोट ने मरने नहीं दिया तो मैंने सोचा कि चलो आधा जीवन तो जहर की स्टडी में बिता दिया...
...अब सोच रहा हूं बिना जहर वालों पर थोड़ी शोध करूं।
नहींSSSSS!
58
समाप्त